भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 503**

उत्तर देने की तारीख : 06.02.2024

**दिव्यांगता संबंधी आंकड़े**

503. श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे :
श्री दिलीप शइकीया :
श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर :
श्री नारणभाई काछड़िया :

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश के दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के बारे में कोई व्यापक और विश्वसनीय आंकड़े है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए योजना और नीतियां बनाने तथा लक्षित रूप से कार्यक्रम विकसित करने के लिए दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के संबंध में सटीक और विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त करने के लिए क्या नए कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क) जी हां। देश में दिव्यांगजनों से संबंधित आंकड़ों के लिए विभाग वर्ष 2011 की जनगणना के आकड़ों पर निर्भर है।

(ख) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, ब्यौरे निम्नानुसार है:

| **दिव्यांगजनों की श्रेणी वार संख्या** | | | |
|---|---|---|---|
| **दिव्यांगता का प्रकार** | **व्यक्तियों की संख्या** | **पुरूष** | **महिलाएं** |
| कुल | 26814994 | 14988593 | 11826401 |
| देखने में | 5033431 | 2639028 | 2394403 |
| सुनने में | 5072914 | 2678584 | 2394330 |
| बोलने में | 1998692 | 1122987 | 875705 |
| चलने में | 5436826 | 3370501 | 2066325 |
| मानसिक मंदता | 1505964 | 870898 | 635066 |
| मानसिक बीमारी | 722880 | 415758 | 307122 |
| कोई अन्य | 4927589 | 2728125 | 2199464 |
| बहु दिव्यांगता | 2116698 | 1162712 | 953986 |

(ग) दिव्यांगजनों का राष्ट्रीय डाटाबेस तैयार करने की दृष्टि से, विभाग विशिष्ट दिव्यांगता पहचान (यूडीआईडी) परियोजना लागू कर रहा है। यह परियोजना यूडीआईडी पोर्टल यानी www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से संचालित की ती है। यूडीआईडी का एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड जारी करने के लिए एक ऑनलाइन मंच प्रदान करता है। 31.01.2024 तक की स्थिति के अनुसार, 1,06,97,568 यूडीआईडी कार्ड बनाए गए हैं।

*****